तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025

12 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा

12 एनएसएस शिविर में बच्चों को दी कानूनी जानकारी

खबर संक्षेप

पचरी में स्टॉप कैंसर मिशन पर कार्यशाला आयोजित

खरोरा। एनजीओ संस्था नागपुर स्टॉप कैंसर मिशन द्वारा विकासखंड तिल्दा-नेवरा अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कैंसर काउंसलर वैशाली ठाकरे द्वारा इस कार्यशाला में बताया कि कैंसर, किसी कोशिका के असामान्य तरीके से बढ़ने की बीमारी है। आमतौर पर हमारे शरीर की कोशिकाएं नियंत्रित तरीके से बढ़ती हैं और विभाजित होती हैं। जब सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है या कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं, तो वे मर जाती हैं और उनकी जगह स्वस्थ कोशिकाएं ले लेती हैं। कार्यशाला में शिक्षकगण धीरेंद्र कुमार वर्मा, युगल किशोर वर्मा, योगेंद्र कुमार देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, रोशन कुमार साहू, भरत लाल धुरंधर, परसराम देवांगन, जितेंद्र नेताम, युधिष्ठिर बुड़ेक, हेमलाल नेताम, शांता पठारे, सरिता वर्मा, संगीता भगत, सुनीता जंघेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी के व्याख्याता शरण्या रितेश, आराधना बहुगुणा, भूमिसूता चौधरी, संकुल समन्वयक कांत कुमार एवं संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे उपस्थित थे।

अब तक 822286.72 टन की धान खरीदी

महासमुंद। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि 9 जनवरी तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 131667 किसानों से 822286.72 टन की धान खरीदी की गई, जिसकी राशि 1891 करोड़ 21 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में 2 करोड़ 52 लाख 41 हजार 430 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमे एक करोड़ 26 लाख 39 हजार 62 नया बारदाना है। एक करोड़ 5 लाख 27 हजार 77 बारदाना मिलर से प्राप्त, 16 लाख 35 हजार 663 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 4 लाख 39 हजार 628 बारदाना प्राप्त हुआ है। 2 करोड़ 14 लाख 21 हजार 344 बारदाने का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। अभी 38 लाख 20 हजार 86 बारदाना शेष है।

देशी शराब जब्त

महासमुंद। बसना पुलिस ने ग्राम बड़ेडाभा से देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी भागीरथी साव पिता महेश साव (55 वर्ष) बड़ेडाभा के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

दो लोगों से मारपीट

महासमुंद। कोमाखान के एक दुकान में काम करने वाले दो लोगों से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जीवन लाल साहू के बेकरी / किराना दुकान में प्रार्थी डोमन पटेल एवं उसका दोस्त हेमंत पटेल काम करते हैं। 8 जनवरी की शाम करीबन 7.15 बजे दुकान के सामने प्रार्थी का दोस्त हेमंत पटेल मोबाईल देख रहा था, तभी कोमाखान का रहने वाला साहिल खान एवं उसके दोस्त कमलेश, रिंकू चंद्राकर आए। इस दौरान साहिल खान द्वारा हेमंत पटेल को आकर हाथ मुक्का से मारपीट कर गाली गलौज करने लगा। जिसे छुडाने के लिये प्रार्थी गया तो साहिल खान एवं उसके दोस्त कमलेश, रिंकू चंद्राकर द्वारा एक राय होकर गाली गलौच कर मारपीट की गई।

समय पर उपस्थिति की जांच में कलेक्टर पहुंचे विभागों के दफ्तर, अधिकारी-कर्मचारी मिले नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुड गवर्नेन्स के लिए समय पर अधिकारी-कर्मचारियों का कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य संपादन करने कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के अनुपालना की हकीकत जानने कलेक्टर सोनी गुरुवार को कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले, जिसमें 7 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसमें से कार्यालयीन कार्य से फील्ड दौरे पर गए उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश, सहायक मत्स्य अधिकारी को लाईव लोकेशन भेजने तथा अनुपस्थित शेष 5 अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्धारित समय प्रातः 10 बजे कार्यालय पहुंचने व लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दिए।

और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में सहायक जिला महिला बाल विकास अधिकारी, प्रभारी प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यवसायी, उद्यानिकी विभाग मोनिका सहायक ग्रेड 3, खाद्य शाखा कम्प्यूटर ऑपरेटर मोती लाल वर्मा शामिल हैं।

खास बातें

- अनुपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी होगा
- 7 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले

इन कार्यालयों का निरीक्षण

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान खाद्य शाखा, महिला एवं बाला विकास विभाग, खनिज शाखा, आबकारी विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथ करघा, अंत्यावसायी, आयुष, नगर तथा ग्राम निवेश, आर्थिक योजना एवं सांख्यिकी, श्रम, आदिवासी विकास, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, ट्रेजरी, समाज समाज कल्याण, भू अभिलेख, वित्त लिपिक, शिकायत शाखा, नाजिर आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया।

चुनाव : आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही दावेदारों में हलचल बढ़ी

जिले की 54 पंचायतें महिलाओं के कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिला में आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सीट अन्य वर्ग अथवा महिला के लिए आरक्षित होने से चुनाव लड़ने के इच्छुक कई लोगों के मनसूबे पर पानी फिर जाने तथा कई लोगों में खुशी व्याप्त है। जिला अंतर्गत शामिल पांच जनपद पंचायतों में से चार जनपद पंचायत कसडोल, बलौदाबाजार, पलारी एवं भाटापारा में अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है तथा एक मात्र सिमगा जनपद पंचायत अनारक्षित मुक्त में शामिल हैं।

बलौदाबाजार जनपद क्षेत्र अंतर्गत आधे से अधिक ग्राम पंचायत में महिला सरपंच बनेगी

बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत 106 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए किये गये आरक्षण के अनुसार 54 ग्राम पंचायतों में सरपंच का पद महिलाओं के लिए तथा शेष 52 ग्राम पंचायतों में सरपंच का पद सामान्य, ओबीसी, एसटी एवं एससी वर्ग के लिए मुक्त की सूची में शामिल हैं। ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए सामान्य महिला आरक्षित 27 ग्राम पंचायतों में धंवई, भाटागांव, ताराशिव, पंडरिया, अमलीडीह, मरदा, बरदा, रसेड़ा, करमदा, भद्रापाली, खटियापाटी, मुण्डा, कोरदा, चितावर, परसाभदेर च, लिमाही, परसाभदेर मिशन, ढनढनी, करमनडीह, सेम्हराडीह, पुरैना खपरी, दशरमा, कंजी, कुम्हारी शामिल हैं। वहीं ओबीसी महिला के लिए आरक्षित 7 ग्राम पंचायतों में बाजारभाटा, भरसेला बड़ा, खैंदा डमरू, लटुवा, परसापाली, सरकीपार तथा धाराशिव शामिल है। इसी तरह एसटी महिला के लिए आरक्षित 8 ग्राम पंचायतो में मेढ़, सुनसुनीया, करदा, मुढियाडीह, पौंसरी, अर्जुनी, डोंगरा, धनगांव तथा एससी महिला के लिए आरक्षित 12 ग्राम पंचायतों में सलौनी, नयापारा, चंगोरी, अहिल्दा, रवान, कोलिहा, चिरपोटा, लवनबन, बिटकुली, चांपा, खम्हरिया यदु, तुरमा शामिल हैं। समान्य मुक्त घोषित 26 ग्राम पंचायतों में कोलियारी, देवरी, सिरियाडीह, सरखोर, पैजनी, कसियारा, भद्रा, डमरू, बेमेतरा, रसेड़ी, झोंका , खजुरी, शुक्लाभाठा, खैरताल, सुढेला, सुढेली, लाटा, डोंगरीडीह, सिंघारी, भालुकोना, हरदी, खम्हारडीह, पनगांव, मगरचबा, सकरी, जामडीह शामिल हैं। इसी तरह ओबीसी मुक्त घोषित 7 ग्राम पंचायतों में अमलकुण्डा, कुकुरदी, भरसेली, लाहौद, रिसदा, भरूवाडीह, कारी तथा एसटी मुक्त घोषित 7 ग्राम पंचायतो में सोनाडीह, ढाबाडीह, जूड़ा, चरौटी, ठेलकी, कोहरौद व बम्हनपुरी शामिल हैं। इसी तरह एससी मुक्त घोषित 12 ग्राम पंचायतों में चिचिरदा, कोयदा, मोहतरा, गैतरा, तिल्दा, डोटोपार, पहंदा, कोकड़ी, खम्हरिया चांपा, भरसेला नया, गिदोला, खैरा शामिल हैं।

राइस मिल के विरोध में ग्रामीण हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

गुरुवार को बंगोली के ग्रामीणों ने रैली कर जीडी राइस एग्रो इंडस्ट्रीज को सरपंच-सचिव द्वारा ग्रामसभा में आपत्ति करने के बाद भी एनओसी दिए जाने के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने राइस मिल द्वारा स्कूल के जमीन पर किए गए अवैध कब्जा तत्काल हटाने और अवैध अनापत्ति प्रमाणपत्र के आधार पर तमाम अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान रिटायर शिक्षक डीएस यादव की अध्यक्षता में एकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें नरोत्तम शर्मा ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन को सफल करने में ग्रामसभा अध्यक्ष कुबेर हनुमंता, डोमार धुरंधर, गजेन्द्र धुरंधर, मीना साहू, पूर्णिमा साहू, चंद्रप्रभा शर्मा, नकुल शर्मा, ▶▶ शेष पेज 12 पर

- आरोप : सरपंच-सचिव ने ग्रामसभा में विरोध के बावजूद दिया अनापति प्रमाण पत्र

पौने दो लाख का गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय पुलिस असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत ग्राम बगबुड़ा में मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 1 आरोपी को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी रामप्रताप वर्मा एवं उसके पास रखे गए 2 बैग का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से अलग–अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 19.357 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जब्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 1.90 लाख रुपए है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रकरण में थाना लवन में आरोपी के विरुद्ध धारा 20ठ एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

मुखबिर सूचना पर मंगलवार को थाना लवन से निरीक्षक केसर पराग बंजारा, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल, आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता, सूरज कुमार बंजारे एवं अजय बंजारे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बगबुड़ा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले आरोपी रामप्रताप वर्मा को पकड़ा।

वार्डों से कचरा संग्रहण कर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका के वार्डों में सफाई का कार्य किया जा सके व घर–घर से कचरा संग्रहण में महिलाओं द्वारा अपने कार्यों के प्रति अत्यंत सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरूण साव के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन नगर पालिका बलौदाबाजार में डोर–टू–डोर स्वच्छता कार्य में संलग्न महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण व नगर के 3 मणिकंचन केन्द्रों में संग्रहित कचरा की छटाई का कार्य में लगभग 59 महिलाएं कार्यरत है। अवकाश दिवस में भी अपनी सेवा देने वाली महिलाएं महामारी के रूप में फैली महामारी के समय भी अपने कार्य में तटस्थता से दायित्वों का निर्वहन किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा मणिकंचन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां संग्रहित कचरों के उपयोगिता की जानकारी ली गई व नगर के सभी 1 से 21 वार्डों में संग्रहित मणिकंचन केन्द्र में कचरा की छटाई की जाती है, जिसमें सुखा कचरा को स्थानीय कबाड़ व्यवसाय को बिक्री किये जाने व सीमेंट प्लांट को प्रदाय किया जाता है व गीला कचरा से उर्वरक खाद तैयार की जाती है, उस खाद भी बिक्री की जाती है।

इस माध्यम से महिलाएं आज अपने जीवन को स्वावलम्बी रखने में मददगार मानते हुये नगर के लोगों ने मणिकंचन केन्द्र में कार्य कर रही महिलाओं के कार्यों की सराहना की गई है।

जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शहर पुलिस ने ग्राम चौरेंगा में जुआ खेलते हुए 3 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ गिरफ्तार किया है। आरोपी जुआरियों से नगदी 22 हजार एवं 52 पत्ती ताश जब्त की है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिमगा में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। जुआरियों में शिवनारायण मंडले 30 वर्ष निवासी ग्राम रोहरा थाना भाटापारा ग्रामीण, बिशेषर साहू 30 वर्ष निवासी ग्राम दामाखेड़ा थाना सिमगा, योगेश साहू उर्फ सोनू 23 वर्ष निवासी ग्राम दामाखेड़ा थाना सिमगा शामिल हैं। उल्लेखनीय हो चौरेंगा जंगल में कुछ समय से बड़ा जुआ का फड़ लग रहा था, जिसमें दूर दूर से जुआरी दांव लगाने आते थे, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा थाना में की गई थी।

नशीली गोलियों की बिक्री करने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिविल लाइन में नशीली गोलियों की बिक्री करने वाली 1 महिला आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर की सूचना पर 8 जनवरी को थाना सिमगा से उप निरीक्षक ओमकार त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक सुनील खूंटे, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, आरक्षक चंद्रिका वर्मा, वीरेंद्र सिन्हा, खुलेश्वर पटेल एवं महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे की टीम सिविल लाइन सिमगा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए नशीली गोलियां रखने वाली आरोपिया चांदनी बंजारे 23 साल निवासी सिविल लाइन सिमगा को पकड़ा है।

1830 रुपए नकद जब्त किया

इस दौरान पुलिस टीम ने पहले आरोपी चांदनी बंजारे का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया, जिसमें आरोपी से 35 नग स्पाज्मो प्राक्सीवान प्लस नशीला टेबलेट एवं 50 नग नीट्रोसन 10 नशीला टेबलेट मिली, जिसे जब्त कर बिक्री रकम 1830 भी जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपिया के विरुद्ध धारा 21 ठ एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपिया को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

उत्कृष्ट और प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करने कहा

बैंक मैनेजर ने स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के वनांचल में संचालित प्राथमिक शाला बलार नवागांव में आकस्मिक भ्रमण के लिए यूको बैंक कसडोल से शाखा प्रबंधक रोहित कुमार बंजारे, सहायक शुभम राणा व रतिराम यादव पहुंचे।

इस दौरान बैंकिग कर्मचारियों ने विद्यालय का सामान्य अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान बैंकरों ने दबी जुबान से कहा कि बच्चों की शिक्षा और उत्कृष्ट कार्य पर उक्त विद्यालय को जिले में उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाना चाहिए। विदित हो कि बैंकिंग कर्मचारियों ने विद्यार्थियों की वेशभूषा, विद्यालय का वातावरण, साफ सफाई और बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को देख काफी प्रसन्न हुये। तमाम बिंदुओं का अवलोकन करने के पश्चात शाखा प्रबंधक ने शाला में पदस्थ प्रधान पाठक मनोज कुमार जाटवर की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने अरण्य अंचल में स्थापित विद्यालय को अपने गुरुकुल की तरह सजाया है बच्चों को बाल केंद्रित शिक्षा देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उत्कृष्ट सराहनीय कार्य किया है।

निश्चय ही आपकी मेहनत काबिले तारीफ है। मैं यूको बैंक की ओर से आपके विद्यालय को कुछ ना कुछ विशेष सहयोग समय-समय पर देता रहूंगा। ऐसे विद्यालय ऐसे विद्यार्थी और ऐसे शिक्षक के मनोबल को बढ़ाने के लिए और उत्कृष्ट और प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए प्रेरित किया है। यूको बैंक के 83वें जन्मदिन की याद में शाखा प्रबंधक ने शाला में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किया।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

संकलनकर्ता : दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा

मान. नरेंद्र मोदी जी
मान. विष्णुदेव साय जी
मान. किरण देव जी
मान. श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी
मान. श्रीमती श्याम बाई साहू जी
मान. डॉ. सनम जांगड़े जी
मान. श्रीमती लक्ष्मी बघेल जी
मान. सुरेंद्र टिकरिहा जी
मान. नंद कुमार साहू जी
मान. राकेश तिवारी जी
मान. कृष्णा अवस्थी जी
मान. टेसूलाल धुरंधर जी
मान. डॉ. अजय राव जी
मान. उमेश बाजपेयी जी
मान. श्रीमती नीलम सोनी जी
मान. नरेश केसरवानी जी
मान. डॉ. कुशल वर्मा जी
मान. नवीन मिश्रा जी
मान. श्रीमती धनेश्वरी यादव जी
मान. श्रीमती सुमन योगेश वर्मा जी
मान. ईशान वैष्णव जी
मान. चितावर जायसवाल जी
मान. श्रीमती सुनीता वर्मा जी
मान. अशोक जैन जी
मान. श्रीमती कौशिल्या वर्मा जी
मान. विजय केशरवानी जी
मान. रवि वर्मा जी
मान. डोमन वर्मा जी
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
मान. सुनील सोनी जी
मान. गौरी शंकर अग्रवाल जी
मान. शिवरतन शर्मा जी
मान. टंकराम वर्मा जी
मान. प्रमोद शर्मा जी
जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
बलौदा बाजार-भाटापारा नियुक्त होने पर
मान. आनंद यादव जी
को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
मान. आनंद यादव जी
मान. अश्वनी शर्मा जी
मान. संकेत शुक्ला जी
मान. मणिकांत मिश्रा जी
मान. शशिभूषण शुक्ला जी
अलोक अग्रवाल
पुरूषोत्तम सोनी
राहुल सोनी
रोहित साहू
सतीष पटेल
जितेंद्र माहले
कमल टंडन
अमितेश नेताम
मनोजकांत पुरेना
रीटा केसरवानी
मंजीत कौर सलूजा
प्रियंका सोनी
सविता साहू
अंजनी भारद्वाज
श्रीमती संतोष शर्मा
श्रीमती सरिता मारके
चितरेखा साहू
श्रीमती सुशीला वर्मा
पुरूषोत्तम साहू
दिनेश साहू
डमरूधर वर्मा
लक्ष्मीकांत वर्मा
मनीष कश्यप
मनोज यादव
योगेश वर्मा
मुरारी साहू
परेश वैष्णव
रेवाराम साहू
प्रणम्य पाण्डेय
नरसिंग वर्मा
सोहन साहू
पोषण पटेल
अजय गर्ग
वासु ठाकुर
आदित्य बाजपेयी
पीके साय
संजय पंजवानी
वेदांत रजक
भीषम कश्यप
संतोष कोसले
राहुल अग्रवाल
राजू सलूजा
भीम कनौजे
घनश्याम भारती
मयाराम पाल
शांति पात्रे
भूपेंद्र मनहरे
ध्यानू गुप्ता
कन्हैया सेन
किशन रजक
कमल भारद्वाज
धनीराम मारके
तरूण वर्मा
गौतम चौहान
केशव जोशी
संतोष देवांगन
आकाश सिंह
कमलेश साहू
रितेश यादव
महेंद्र साहू
कृष्णा द्विवेदी
सेवक साहू
शुभेच्छु : समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

खबर संक्षेप

आदर्श पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कल

बलौदाबाजार। आदर्श पब्लिक स्कूल में शनिवार 11 जनवरी को वार्षिक उत्सव का आयोजन रखा गया है। प्राचार्य ने बताया है कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज त्रिवेदी, चित्तावर जायसवाल तथा जुगल भट्टर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जावेगा।

शराब पिलाने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। शराब पिलाने की सुविधा देने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि अरेकेलडीपा में एक व्यक्ति अपने घर आंगन में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी जोगेंद्र साहू पिता भुनेश्वर साहू (50 साल) अरेकेलडीपा के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिरदा की मृतका राधाबाई बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मामाभांचा के मृतक हीरामन साहू के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रानीसागरपारा वार्ड 12 की मृतिका सुषमा यादव के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

शुरूआत : 1200 महिलाओं ने कलश धारण कर नगर भ्रमण किया

24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में नगर पंचायत पवनी के स्कूल मैदान में 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। इसका शुभारम्भ कलश एवं शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा बाजे गाजे, कीर्तन मंडली एवं प्रज्ञा गीतों के साथ नगर का भ्रमण करते हुए तालाब पहुंची, 1200 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। चौक चौराहों में कलश यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने कलश धारण किये देव कन्याओं व महिलाओं को चॉकलेट और पानी भी बांटते नजर आये। कलश यात्रा तालाब पहुंचते ही वरुण देवता एवं मां गायत्री, गुरुदेव व माताजी का आव्हान कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात सभी कलश में जल भरकर पुनः नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां मंगल कलश के साथ मां गायत्री, गुरुदेव एवं माता की सामूहिक पूजा अर्चना की गई।

कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। नगर एवं जिले के भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी सम्मिलित होकर गुरुसत्ता का आशीर्वाद प्राप्त किये। मंगल कलश यात्रा को सफल बनाने में आरएसएस का विशेष योगदान देखने को मिला, जहां भोजन व्यवस्था में भी अहम् भूमिका रही। नगर के विभिन्न संगठन, महिलाओं, युवाओं व नगरवासियों का भरपूर सहयोग रहा। कलश यात्रा में नगर सहित ब्लॉक व जिले के सैकड़ों गायत्री परिजन व श्रद्धालुगण शामिल हुए।

संगीत का महत्व भजन के अंदर, कथाओं में निराधार

भाटापारा। नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। संत बालयोगी का दर्जा प्राप्त कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा की कथा प्रवाहित हो रही है। भाटापारा के पत्रकारों के साथ सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के निवास पर प्रेसवार्ता हुई, जिसमें कथावाचक ने बताया कि संगीत कथाओं के उद्देश्यों को भटकाती है। संगीत का महत्व भजन के अंदर, लेकिन कथाओं के लिए संगीत निराधार है, कथाओं में सगीत को मिश्रण मनोरंजन का साधन है। शास्त्रों में भागवत का समय और पक्ष तय है, लेकिन व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति में इसका महत्व बढ़ जाता है, लेकिन सार्वजनिक आयोजनों में जनकल्याण के लिए इसे व्यवस्थित करना पड़ता है। शास्त्रों में ऊंच-नीच की भावनाएं नहीं है, उसमें कर्मानुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। पत्रकारों के इष्ट देवता नारद स्वरूप को हास्यात्मक, व्यग्यांत्मक एवं झगड़ा कराने वाला बनाने का खराब काम फिल्मों और समाज को तोड़ने वाली असामाजिक शक्तियों ने किया है। नारदजी के वृहद चरित्र को कोई समझ नहीं पाया। बस यह समझ लीजिए की देवताओं के ऋषि की उपाधि केवल एक नारदजी को प्राप्त है, जिन्हें देवर्षि कहा जाता है।

चतुर्थ दिवस हुई देवी चरित्र की कथा

देवी कथा महापुराण में कथावाचक अरोड़ा ने श्रीमद भागवत को भक्ति और देवी पुराण को ज्ञान-शक्ति का पुराण बताया। योगचक्र, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और त्रिदेव में निहित गुणों को वर्णित किया। सृष्टि रचना को मानवीय शरीर अंतर्संरचना के माध्यम से बताया। भगवती चरित्र बताते हुए मन को इंद्र, बुद्धि को ब्रम्हा, नेत्रों को चंद्रसूर्य, नारायण स्थान जैसे आध्यात्म और शरीर की संरचना को व्याख्या की।

नहरडीह में भक्तिन माता राजिम जयंती मनी

खरोरा। ग्राम नहरडीह में साहू समाज द्वारा भक्तिन माता राजिम जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम साहू समाज की महिलाओं, युवाओं तथा बुजुर्गों द्वारा संत माता राजिम की छाया चित्र में माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल का चढ़ाया गया। तत्पश्चात मां राजिम की आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

तीन दिवसीय रामनामी भजन मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

अंचल का रामनामी भजन मेला मुड़पार में 10 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस मेला में अंचल के रामनामी समाज के प्रमुख और उनके अनुयायी उपस्थित रहेंगे। सारंगढ़ कलेक्टर ने मेले की तैयारी के लिए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि मेला समारोह के उद्घाटन के लिए कई मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और सारंगढ़ जिला के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के आगमन की संभावना है।

मेले में बिजली व्यवस्था के संबंध में लोगों ने बताया कि बिजली विभाग कनेक्शन नहीं दे पा रहा है, कुछ लोगों ने बिजली विभाग पर कनेक्शन प्रदाय के नाम पर जरूरत से ज्यादा शुल्क लिए जाने की बात कही। बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं होने पर दुकान वालों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। दुकान वाले फिलहाल पानी, बिजली की अव्यस्था से जूझ रहे हैं। कई सिनेमा संचालक आए लेकिन पानी, बिजली की व्यस्था नहीं होने से यहां सिनेमा टॉकीज लगाना उचित नहीं समझे और अन्य मेला चले गए। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य समस्या के लिए मेला परिसर में कैम्प लगाया जाएगा, जहां 24 घंटे स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। मेला में मनोरंजन के लिए मीना बाजार, सर्कस, मौत कुआं, झूले आ गए हैं। कपड़े, जूते, फल, सब्जी व अन्य समान बिक्री करने अन्य राज्य झारखंड, बिहार, एम पी व उड़ीसा के साथ साथ रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर जिले के व्यापारी मेला में दुकान लगाने पहुंचे हैं। इस साल एक साथ तीन गांव में रामनामी मेला आयोजित हो रहा है, जिसमें भारतपुर (पवनी), मुड़पार (सरसीवां) और भकुर्रा(सारंगढ़) शामिल हैं।

महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कर दिया 14 लाख का ऋण

बलौदाबाजार। शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के माध्यम से महिला समूह को बैंक से ऋण दिलाये जाने पहल की गई है, जिससे महिला समूह के लोग प्राप्त राशि से स्वयं का व्यवसाय संचालित किया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने कहा महिला समूह को जो राशि प्रदाय की जा रही है उसका शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप उपयोग हो सके इसके लिये मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठकों को निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र की 4 महिला समूहों को 14 लाख की राशि प्रदान की गई है। वार्ड क्र. 3 की गुरुघासीदास महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष मंजू मनहरे सचिव सपना साय 4 लाख, बंगलामुखी महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष सरिता वर्मा, सचिव हेमलता नायक 5 लाख, शिक्षा महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष दुर्गेश्वरी खांडेकर, सचिव रानी बाई खांडेकर को 3 लाख सुभद्रा महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष लता टण्डन सचिव मोंगरा बाई टण्डन को 2 लाख रूपये को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण प्रदाय किया गया। मिशन प्रबंधक संदीप कुर्रे एवं सामुदायिक संगठक प्रीति ठाकुर एवं दीपिका बंजारे के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन व प्रदाय राशि का उपयोग व जानकारी संग्रहित किये जाने का कार्य किया जाता है।

पेज 9 के शेष

राइस मिल के...

परमेश्वर निर्मलकर, ओम प्रकाश बैरागी, वंदना बैरागी, प्रतिभा बैरागी, रेणू धुरंधर, मंटोरा साहू, भगईया धीवर, लटियारिन कंडरा, सीआर वर्मा, नंदकुमार वर्मा, दानी धीवर, श्यामलाल वर्मा, कमल वर्मा, विनोद वर्मा, नरेश वर्मा, दिलीप वर्मा, राजेंद्र वर्मा, लता शर्मा, नीरा वर्मा, मानकुंवर वर्मा, नीलम वर्मा, यादराम वर्मा, विनोद निर्मलकर, राजेन्द्र नायक, ललित वर्मा, देवीकांत वर्मा, रामावतार सेन, केशव साहू सहित सैकड़ों किसान मजदूरों और महिलाओं ने उपस्थित होकर प्रमुख भूमिका निभाई।

स्वच्छता और विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रतिदिन सुबह स्वच्छता, निर्माण कार्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को बेहतर एवं पारदर्शी तरीके से काम करने निर्देश दिए। उन्होंने दरवाजे से दरवाजे तक कचरा संग्रहण प्रणाली पर जोर दिया, जिसे स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने इन समूहों की कार्यप्रणाली की सराहना की और उन्हें और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

नगर पंचायत क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान

सीएमओ ने नगर पंचायत भतगांव के विभिन्न विकास कार्यों पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने शहर में सड़कों, नालियों, जल आपूर्ति और शौचालय निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी योजनाएं जनता के हित में पूरी पारदर्शिता के साथ लागू हों। इस दौरान नगर पंचायत के कई अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी मौजूद थे।

मुंडा में सरपंच सामान्य महिला होंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभागृह में 8 जनवरी को बलौदाबाजार विकासखंड के 106 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण लॉटरी सिस्टम से निकाला गया।

इसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग और महिला आरक्षण के तहत पदों का निर्धारण किया गया। आरक्षण जारी होते ही कई पंचायतों में सरपंच के लिए दावेदारी करने वाले लोगों में कही खुशी तो कही मायूसी देखी गई। आरक्षण सूची जारी होने के बाद संबंधित पंचायतों में आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू हो गई है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत के नाम से जाने वाले मुंडा में सरपंच का आरक्षण सामान्य महिला सीट हुआ है।

2300 मतदाता और 20 वार्ड वाले इस पंचायत में 15 वार्ड मुंडा में और 5 वार्ड आश्रित गांव ढनढनी में है। सामान्य सीट महिला आने के बाद दावेदारों के भी लंबी लाइन लगने की संभावना जताई जा रही है। वहीं कई दावेदार के परिजन अभी से लोगों के बीच समर्थन मांगते हुए दिखाई दे रहे। अब आने वाला समय ही बताया कि नामांकन के बाद कितने दावेदार उभर कर आएंगे।

एनएसएस शिविर में बच्चों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मिनीमाता कन्या महाविद्यालय द्वारा ग्राम मोहतरा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर में बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाई गई।

संरक्षण अधिकारी ने कैम्प के स्वयंसेवकों को किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि बड़ों के लिए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है, वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चों से संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015 संशोधित 2022, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध अधिनियम 2009 आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही, गुड टच और बैड टच की पहचान, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, स्पॉन्सरशिप योजना, नशा उन्मूलन, घुमंतू बच्चों का पुनर्वास तथा अपशिष्ट संग्रहण में कार्यरत बच्चों के पुनर्वास के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक, विधि के साथ संघर्षरत बालक, मिशन वात्सल्य योजना तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सेवाओं पर भी विशेष जानकारी प्रदान की गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गिरौद, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25
ग्राम- हसुवा, प.ह.न.- 07

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि. आवेदक कीर्ति शर्मा पिता लक्ष्मण शर्मा जाति ब्राम्हण साकिन शिवरीनारायण कास्तकार ग्राम हसुवा तहसील टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम हसुवा पटवारी हल्का नंबर 07 रा.नि.मं. गिधौरी में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1484/29 रकबा 0.809 हेक. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र, पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 17/01/2025 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गिरौद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गिरौद, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25
ग्राम- घटमड़वा, प.ह.नं.- 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जनोहर लाल साहू पिता स्व. यादराम साहू जाति तेली साकिन नरधा कास्तकार ग्राम घटमड़वा तहसील टुण्डरा जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम घटमड़वा पटवारी हल्का नंबर 03 रा.नि.मं. गिधौरी में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 266 रकबा 0.231 हेक्टे. भूमि मे से 0.202 हेक्टे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र, पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 22/01/2025 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गिरौद

श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

बिलाईगढ़ ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई के दिशा निर्देश में प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी एवं जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक ने बैठक ली गई। बिलाईगढ़ तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र साहू भटगांव एवं राहुल पांडे सरसीवा के अगुवाई में ब्लॉक के पत्रकार ने सदस्यता फॉर्म भरा। भटगांव तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने सभी वरिष्ठ पत्रकारों प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के साथ अभिवादन किया और भटगांव पत्रकार भवन को संसद और विधायक निधि से 10 लाख दिलाने पर जोर दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 16,000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130